11 स्वास्थ्य विभाग ने की एनीमिया एलिमिनेश माह की शुरुआत...





12 ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले स्कूल विद्यार्थियों में दिखा उत्साह





## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय खेल नीति को सराहा

**बहादुरगढ़।** भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष एवं हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने नई खेल नीति का स्वागत किया है।



उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी है। यह एक ऐतिहासिक पहल है। इससे देश के खेल परिदृश्य को नया आकार मिलेगा। यह भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने और 2036 ओलंपिक खेलों सहित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक दूरदर्शी और रणनीतिक रोडमैप है।

### लापता युवक का नहीं लगा सुराग, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** जटवाड़े का निवासी एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजनों ने अब पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। परिजनों ने कहा है कि करीब 34 वर्षीय प्रवीण गत 19 मई को घर से बाहर गया था लेकिन वापस नहीं आया। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। सिटी थाने से जांच अधिकारी पवन कुमार ने कहा क गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### वाटिका के पास से कार ले उड़े चोर

**बहादुरगढ़।** शहर के दयानंद नगर में एक वाटिका के पास से कार चोरी हो गई। दिल्ली के निवासी अनीश कुमार का कहना है कि बहादुरगढ़ के दयानंद नगर में उसकी बुआ रहती है। वह 30 जून को यहां आया था। अपनी गाड़ी कृष्णा वाटिका के पास खड़ी करके बुआ के घर चला गया। कुछ घंटे बाद वापस लौटा तो गाड़ी नहीं मिली। सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 11 गांव और प्रवासी श्रमिक जुड़ने के बाद ही नगर निगम बन पाएगा बहादुरगढ़

- शहर में आसपास के 11 गांवों को जोड़ने के बाद भी पीपीपी के डाटा अनुसार जनसंख्या 2 लाख 60 हजार 595 ही बनी, करीब 87 हजार 200 प्रवासी श्रमिकों की जनसंख्या भी बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बीते कुछ सालों में आउटर इलाके में एचएल सिटी, रॉयल ग्रीन काउंटी, आशा सिटी, केएलजे समेत कई कॉलोनियों का निर्माण हुआ है। यहां रहने वाले हजारों लोग अपने कार्यों के लिए ग्रामीण कार्यालयों में चक्कर काटते हैं। इसीलिए लगातार नगर परिषद के दायरे को बढ़ाने तथा इसे नगर निगम का दर्जा देने की मांग की जाती रही है। इस संबंध में रिपोर्ट आयुक्त कार्यालय में भेजी जा चुकी है। हालांकि इस रिपोर्ट से साफ है कि 11 गांवों की आबादी और प्रवासी श्रमिकों की गिनती जोड़ने के बाद ही बहादुरगढ़ नगर निगम बनने के लिए 3 लाख जनसंख्या की न्यूनतम अनिवार्यता को पूरा कर पाएगा।

जी हां, एक तरफ जहां बहादुरगढ़ नगर परिषद की सीमा विस्तार की कवायद चल रही है। वहीं दूसरी तरफ बहादुरगढ़ नगर परिषद को नगर निगम बनाने की मांग पिछले कई वर्षों से होती रही है। इसी क्रम में 3 जनवरी 2025 को भाजपा नेताओं ने सब्जी मंडी में आयोजित सावित्रीवाई फुले जयंती समारोह में सीएम नायब सैनी के समक्ष यह मांग जोर-शोर से उठाई थी।

इसके बाद भाजपा नेता दिनेश कौशिक, तत्कालीन जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा व नगर परिषद प्रधान सरोज राठी ने जनसंवाद पोर्टल के माध्यम से 7 व 9 जनवरी को इस सिलसिले में प्रतिवेदन दिए थे। इसी क्रम में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक द्वारा 24 जनवरी, 11 फरवरी व 14 मई को रोहतक मंडल आयुक्त को पत्र लिखे गए। इनमें महानिदेशक ने रोहतक मंडल आयुक्त कार्यालय से तथ्यात्मक रिपोर्ट, प्रस्ताव व अधिसूचना के हिंदी-अंग्रेजी प्रारूप सहित निदेशालय को भिजवाने के आदेश दिए। हरियाणा नगर पालिका अधिनियम 1973 की धारा 2ए में नगर निगम बनाने के प्रावधान के दृष्टिगत यह सारी कवायद की जा रही है।


शहरी स्थानीय निकाय ने रोहतक मंडल आयुक्त के माध्यम से मांगी संबंधित रिपोर्ट

बहादुरगढ़ को नगर निगम बनाने के लिए सरकार ने बढ़ाए कदम

बहादुरगढ़। हरिभूमि में 20 फरवरी को प्रकाशित संबंधित समाचार।

दरअसल, हरियाणा सरकार ने 1 जनवरी 2010 को किसी भी नगर निगम के गठन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। इसके अनुसार गठित कमेटी निर्धारित मापदंडों का निरीक्षण करती है।

नप के ईओ ने जिला नगर आयुक्त को 11 अप्रैल 2025 को विस्तृत रिपोर्ट भेजी थी। इस रिपोर्ट के अनुसार बहादुरगढ़ नगर परिषद इलाके में 11 गांवों को जोड़ने के बाद भी परिवार पहचान पत्र के डाटा अनुसार जनसंख्या 2 लाख 60 हजार 595 बनती है। इन 11 गांवों में कसार, सराय औरंगाबाद, बालौर, बीरबरकताबाद, नूना माजरा, जाखौदा, परनाला, हसनपुर, सांखोल, सैदपुर व खेड़का मुसलमान का रकबा शामिल है। हालांकि शहर तथा आसपास के गांवों में करीब 87 हजार 200 प्रवासी श्रमिकों की जनसंख्या भी आंकी गई है। इसे बहादुरगढ़ तथा 11 गांवों की पीपीपी आबादी में जोड़ने पर जनसंख्या 3 लाख 47 हजार 795 होने का अनुमान है। नप के ईओ की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित निगम का क्षेत्रफल 67.35 वर्ग किलोमीटर हो जाएगा तथा जनसंख्या का घनत्व 6530 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर दर्शाई गई है।

वहीं इसे विकसित क्षेत्र बताते हुए दावा किया गया है कि यहां लगभग 70 प्रतिशत व्यक्ति खेती नहीं करते। इस संबंध में 27 फरवरी 2025 को प्रस्ताव संख्या 9 पारित किया जा चुका है।

### शहर में 35 हजार प्रवासी श्रमिक

ईओ की रिपोर्ट के अनुसार बहादुरगढ़ शहर में 35 हजार, जाखौदा गांव में 20 हजार प्रवासी, सांखोल में 10 हजार, कसार में 10 हजार, परनाला में 8 हजार, नूना माजरा में डेढ़ हजार, नया गांव में डेढ़ हजार, सराय में एक हजार और बालौर में 200 के लगभग प्रवासी बताए गए हैं। वहीं सैदपुर तथा खेड़का मुसलमान बेचिराग गांव हैं, जहां आबादी नहीं है। हालांकि गांवों को निगम में शामिल करने संबंधी प्रस्तावों की कार्यवाही खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय द्वारा होगी।

### सीमा विस्तार का भी प्रस्ताव भेजा

इसी संदर्भ में 21 जून 2024 को ऋषि भारद्वाज द्वारा जनसंवाद पोर्टल पर नगर की सीमा के विस्तार के संबंध में आवेदन किया गया था। इसके जवाब में उन्हें बताया गया है कि 12 व 13 मई 2023 को हुई नगर परिषद की बैठक में प्रस्ताव संख्या 24 के तहत सीमा विस्तार का केस तैयार करके जिला नगर आयुक्त के माध्यम से 24 जून 2025 को रोहतक मंडल के आयुक्त को भेजा जा चुका है। इसे पॉलिसी मैटर मानते हुए आवेदन दफ्तर दाखिल करने को कहा गया है।



झज्जर। पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ।

## बहन की हत्या मामले में पकड़ा गया भाई दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा कस्बा बेरी में एक लड़की की हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए मृतका के भाई को गिरफ्तार किया गया है। एसीपी अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि बैठान पाने मे लड़ाई झगड़ा हुआ है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने घर के अंदर देखा कि एक लड़की संदिग्ध हालत में पड़ी हुई है जो मृतक अवस्था में थी। जिस पर नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

- पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि बैठान पाने मे लड़ाई झगड़ा हुआ है

जांच में सामने आया कि लड़की की हत्या उसी के भाई ने की है। जिस पर मृतक के भाई विवेक निवासी बेरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# रीलबाजों से डीएमआरसी भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

मेट्रो में रील बनाने वाले से न केवल यात्री बल्कि डीएमआरसी भी परेशान है। डीएमआरसी ने रीलबाजों को मेट्रो में वीडियो शूट न करने की चेतावनी दी है।

- आम यात्रियों से मेट्रो में रील बनाने वालों का विरोध करने की भी अपील

दरअसल, बीते कुछ वर्षों में इंटरनेट मीडिया पर रील बनाकर अपलोड करने का ट्रेंड बढ़ा है। ये रीलबाज लोग सार्वजनिक स्थानों, रेल और बस कहीं भी रील बनाना शुरू कर देते हैं। मेट्रो में भी यह मामला काफी बढ़ गया है। कोई नाचने लगता है तो अन्य गतिविधि करता है। इस वजह से बहुत से यात्री असहज हो जाते हैं। लोगों द्वारा अक्सर डीएमआरसी को इस संबंध में शिकायतें भी की जाती हैं। केवल यात्री नहीं, खुद डीएमआरसी भी इन रील बाजों से परेशान हैं। इसलिए लगातार डीएमआरसी द्वारा अपील और चेतावनी दी जा रही है।

स्टेशनों पर सफर करो, वीडियो शूट नहीं के स्लोगन लगाए जा रहे हैं। अपने सोशल हैंड्ल्स पर भी डीएमआरसी यही कह रही कि मेट्रो में रील बनाना केवल नियम तोड़ना ही नहीं, बल्कि दूसरों की यात्रा में रुकावट बनना भी है। नियमों का पालन कर सफर को सुरक्षित बनाएं। वहीं आम नागरिकों से भी अनुरोध किया है कि रील बनाने वालों को विरोध करें और वे न मानें तो आसपास मौजूद सुरक्षा कर्मियों को अवगत कराएं। उधर, मेट्रो में नियमित सफर करने वाले आशीष ने कहा कि इस दिशा में सख्ती बरतने क जरूरत है।




बहादुरगढ़। डीएमआरसी की अपील से संबंधित एक पोस्टर।

# हत्यारोपी पत्नी भेजी जेल, साथी की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- रोजाना होने वाले झगड़े से तंग आकर वारदात करने की बात सामने आई

उत्तर प्रदेश के निवासी भानू प्रताप की हत्या के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रोजाना होने वाले झगड़े से तंग आकर यह वारदात किए जाने की बात सामने आई है। वारदात में एक और आरोपी शामिल है, जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

दरअसल, हरदोई यूपी मूल का भानू प्रताप यहां श्यामजी कांप्लेक्स के साथ लगती गली के एक मकान में परिवार सहित रह रहा था। गत 29 जून की दोपहर को कमरे से उसका शव बरामद हुआ। उसकी गर्दन व सिर पर चोट के गहरे निशान थे। इस संबंध में मृतक के भाई ने पुलिस को दी शिकायत में हत्या का आरोप अपनी भाभी यानी भानू की पत्नी कुसुम पर लगाया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एसआई नरेंद्र की टीम ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में वारदात का खुलासा हो गया।

अभी तक सामने आया है कि शराब के नशे में अक्सर भानू अपनी पत्नी से झगड़ा करता था। इस वजह से वह उससे परेशान थी और उसे ठिकाने लगाने की योजना बनाई। गत 28 जून की रात को उसने एक अन्य शख्स के साथ मिलकर उसे ठिकाने लगा दिया। चाकू और ईंट पत्थर से उसको मौत के घाट उतारा। चूंकि उस दौरान कमरे में कूलर चल रहा था तो किसी को भानू के चीखने की आवाज भी नहीं आई। पुलिस ने कुसुम अदालत में पेश कर जेल भेज दी है।

वहीं, वारदात में शामिल युवक कौन है, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। पुलिस उसे तलाश रही है। सिटी एसएचओ दिनकर सिंह ने बताया कि हत्या की वारदात सुलझा ली है। जांच में यही सामने आया है कि मृतक की पत्नी ने ही एक अन्य शख्स के साथ मिलकर यह वारदात की है। जल्द ही फरार चल रहे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# देशी पिस्तौल सहित पकड़ा गया आरोपी छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

- आरोपी के खिलाफ लड़ाई झगड़ा और अवैध हथियार रखने के आधा दर्जन मामलें दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

स्पेशल स्टॉफ की एक टीम टीम द्वारा अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल स्टॉफ प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम सदर थाना क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि गौरव निवासी अकेहडी मदनपुर अवैध हथियार लिए हुए कोसली रोड पर नर्सरी के पास खड़ा हुआ है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध हथियार और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी की पहचान गौरव निवासी अकेहड़ी मदनपुर के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पर पहले भी अवैध हथियार रखने, लड़ाई झगड़े और अन्य धाराओं के तहत जिला झज्जर में आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं।



झज्जर। पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो: हरिभूमि

## करंट की चपेट में आने से नंबरदार की मौत

**झज्जर।** गांव सूरहा में बिजली करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 51 वर्षीय देवेंद्र उर्फ लीलू नंबरदार पुत्र करतार सिंह के तौर पर हुई है। देवेंद्र अपने घर में बिजली की मोटर लगाकर पानी भर रहा था। मोटर की केबल में कट लगा हुआ था। पानी भरने के दौरान वह बिजली करंट की चपेट में आ गया।



परिजनों को जब पता चला तो वे उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देवेंद्र नंबरदार के अलावा बस ट्रांसपोर्ट का कार्य करता था। पुलिस द्वारा मृतक के पुत्र नवीन के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# अधिकारियों के दावे, जलनिकासी के पुख्ता इंतजाम धरातल पर खुली दावों की पोल, जलभराव बना परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

बरसात के कारण हुए जलभराव ने प्रशासन की जलनिकासी के दावों की पोल खोल कर रख दी है। बरसात के दौरान जहां अधिकांश शहर में जलभराव हो गया, वहीं बरसात रूकने के बाद भी कई रिहायशी क्षेत्रों में जलभराव से लोगों को खासी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। वार्ड नंबर एक में कई गलियों के अलावा, वार्ड नंबर चार की नीम आली कॉलोनी की हालत बद से बदत्तर है। स्थिति यह है कि यहां लोगों का अपने घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो रखा है। बुद्धो माता मंदिर से कच्चा सुर्खपुर मार्ग पर एक से डेढ़ फीट तक पानी भरा हुआ है। लोगों को कहना है कि प्रशासनिक स्तर पर जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। नालों की सफाई उचित ढंग से नहीं की गई। जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। विभागीय के अनुसार झज्जर में 19 एमएम, बादली में 16 एमएम, बेरी में 8 एमएम, मातनहेल में 25 एमएम और साल्हावास में 28 एमएम बारिश दर्ज की गई।



झज्जर। शहर की नीम आली कॉलोनी में हुआ जलभराव। फोटो: हरिभूमि

### उमस ने किया हाल बेहाल

*मंगलवार दिन की शुरुआत हल्की बारिश के साथ हुई। बाद में दोपहर तक कभी रिमझिम फुहारें तो कभी हल्की बूंदाबांदी होती रही। जिसके कारण मौसम खुशनुमा बना रहा। लेकिन दोपहर बाद कभी आसमान में बादल तो कभी धूप निकलती रही। जिसके कारण वातावरण में उमस बन गई और लोगों को अपने कार्य निपटाने में काफी परेशानी हुई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है।*

## सड़क किनारे ग्रीन बेल्ट में पड़ा मिला इंडस्ट्रियल और सॉलिड वेस्ट

# चार फैक्ट्रियों को एचएसपीसीबी ने जारी किए कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर में ठोस कचरा और औद्योगिक कचरा सड़क किनारे ग्रीन बेल्ट में खुलेआम फेंका जा रहा है, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। इसे देखते हुए हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नगर परिषद, खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय और एचएसआईआईडीसी के साथ ही 4 कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

बता दें कि शहर के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में फैक्ट्रियों से रोजाना भारी मात्रा में इंडस्ट्रियल वेस्ट उत्पन्न होता है। इस औद्योगिक कचरे को सुनियोजित ढंग से निस्तारित करने की बजाय सड़कों के किनारे ग्रीन बेल्ट या खाली जगहों में जहां-तहां फेंका जा रहा है। इसका संज्ञान लेते हुए एचएसपीसीबी ने मंगलवार को आधुनिक औद्योगिक संपदा (एमआईई) में संचालित चार फैक्ट्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा के अनुसार इंडस्ट्रियल वेस्ट से आसपास के इलाकों में गंदगी फैलने के साथ ही जल व वायु प्रदूषण बढ़ रहा है।



बहादुरगढ़। सड़क किनारे पड़ा मिला इंडस्ट्रियल वेस्ट। फोटो: हरिभूमि

पर्यावरण के लिए यह कचरा बड़ा खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सांखोल के बराही रोड व जाखौदा में सड़क किनारे मिले सॉलिड वेस्ट के लिए खंड विकास एवं पंचायत विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

इसके अलावा बाइपास की ग्रीन बेल्ट में पड़े औद्योगिक कचरे को लेकर एचएसआईआईडीसी को शो कॉज नोटिए जारी किया है। वहीं ओमेक्स के निकट 66 फुटा रोड व रोहतक रोड पर पड़े ठोस कचरे को लेकर नगर परिषद को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। आरओ शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि औद्योगिक कचरे का ठीक से निस्तारण करना बहुत जरूरी है। सड़कों पर फेंके जा रहे औद्योगिक कचरे की जांच के लिए टीम बनाई गई हैं। खुले में कूड़ा फेंकने वालों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इसका जवाब मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### कूड़ा फैंकते नप के सफाईकर्मी पकड़े

प्रदूषण की रोकथाम के लिए बनाए गए कानूनों की जगह-जगह खूब धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जिसकी जहां मर्जी होती है, वहीं पर कूड़ा-कचरा जला दिया जाता है। इसकी वजह से हवा में दूषित कण घुल जाते हैं। लोगों की शिकायत के बावजूद नगर परिषद की ओर से कूड़े को सरेआम फैंकने का क्रम जारी है। मुंगेशपुर ड्रेन के किनारे सड़क पर कूड़ा डालते हुए नप के सफाईकर्मियों को वार्ड नंबर-18 निवासी शमशेर दलाल व राकेश दलाल ने पकड़ा। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।






# धनुष ने शेयर की खून से लथपथ हाथों की तस्वीर...

**मुंबई।** धनुष ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दो हाथ खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ धनुष ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, और यह एक लपेट है। धनुष की इस पोस्ट के बाद यूजर्स लगातार कमेंट कर अपनी राय पेश कर रहे हैं।एक यूजर ने लिखा, 'थलाइवा का इंतजार है', एक और यूजर ने लिखा, 'पता नहीं क्यों, लेकिन इस तस्वीर ने मुझे भावुक कर दिया', एक और यूजर ने लिखा, 'इसका इंतजार कर रहा हूं', एक और यूजर ने लिखा, 'कब रिलीज होगी फिल्म'।

लाइफ Style



# वाणी

## हर वरदान में छिपा है एक श्राप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आईं अभिनेत्री वाणी कपूर अब अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। वो यशराज के नए शो में नजर आने वाली हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होना है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी नई सीरीज का पोस्टर जारी कर दिया है, इसमें वाणी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं।

पोस्टर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है। नेटफ्लिक्स की ओर से अपनी नई सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में वाणी कपूर के साथ सुरवीन चावला, गुल्लक फेम एक्टर वैभव राज गुप्ता और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। पोस्टर में वाणी बंदूक ताने दिख रही हैं, जबकि सुरवीन चाहला हाथ जोड़े महिला नेता के किरदार में नजर आ रही हैं। जबकि वैभव राज गुप्ता बियर्ड लुक में आंखों पर ब्लैक चश्मा लगाए दिख रहे हैं। पोस्टर में श्रिया पिलगांवकर काफी सजी-धजी खड़ी हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'हर वरदान में एक श्राप छिपा है। मोल चुकाने का वक्त जल्द आने वाला है।' इसके साथ ही इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। नेटफ्लिक्स की ये नई सीरीज 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। इसे यशराज फिल्म ने प्रजेंट किया है। वाणी कपूर हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आई थीं। वो फिल्म में अजय देवगन के किरदार अमय पटनायक की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। इसके अलावा सुरवीन चावला हाल ही में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स के ही शो 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन में दिखी थीं।

## हॉलीवुड मसाला




# जुरासिक वर्ल्ड... 4 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' शुक्रवार, 4 जुलाई को रिलीज होने वाली है। स्कारलेट जोहानसन और जोनाथन बेली स्टारर इस फिल्म के फर्स्ट रिव्यूज आ गए हैं, और इनमें इसे खतरनाक और बेहतरीन बताया जा रहा है। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस और वीएफएक्स की तारीफ हो रही है। प्रीमियर शोज देखने वालों का कहना है कि यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग के ग्रैंड अंदाज की याद दिलाता है।



# 'सुपरमैन' ने मुंबई में समंदर के बीच की लैंडिंग

**मुंबई।** सोमवार की रात बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर सुपरमैन ने लैंडिंग की, जिसका नजारा देख हर कोई हैरान था। दूर से नीले रंगों से सजा ये सी लिंग सुपरमैन वाले अवतार से जगमगा रहा था। 11 जुलाई को वार्नर ब्रदर्स की फिल्म की रिलीज से पहले मुंबई में समंदर के बीच ये नजारा देख लोग काफी खुश दिखे हैं। अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए मेकर्स क्या नहीं करते। वार्नर ब्रदर्स 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' ने सीधे मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर लैंडिंग कर डाली है। अब ट्विटर पर लोग बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वीडियो और तस्वीरें लगातार शेयर कर रहे हैं। इन झलकियों में निर्देशक जेम्स गन की आने वाली डीसी फिल्म 'सुपरमैन' की तस्वीरें नजर आ रही हैं। एक ने कहा- सुपरमैन ने मुंबई में बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर कब्जा कर लिया है।



# शेयर की 'दिल थाम के' का बीटीएस वीडियो

**मुंबई।** राजकुमार राव की मालिक फिल्म का गाना 'दिल थाम के' दर्शकों का बेहद पसंद आया। इस गाने में हुमा कुरैशी ने धांसू डांस किया है। वहीं, मंगलवार को हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर इसका एक बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने आज राजकुमार राव की फिल्म मालिक का गाना 'दिल थाम के' का एक शानदार बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। हुमा ने इस बीटीएस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत खुशी के साथ शूट किया गया... और आप लोग गाने को जो प्यार दे रहे हैं, वह इसे और बेहतर बना रहा है। हुमा की इस पोस्ट पर फैंस जमकर कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार प्रदर्शन कभी भी आसान नहीं होता।



# नए लुक के कारण आए चर्चा में...

**मुंबई।** गोविंदा का डांसिंग स्टाइल आज भी बॉलीवुड में पॉपुलर है। हाल ही में वह अपने एक नए लुक के कारण चर्चा में आए हैं। गोविंदा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कार में बैठे हैं। एक व्यक्ति उन्हें कुछ समझा रहा है। इसी वीडियो को जब यूजर्स ने देखा तो उनका ध्यान गोविंदा के नए लुक पर गया। इस लुक को कुछ यूजर्स ने पसंद किया तो, कुछ को गोविंदा का लुक बिल्कुल भी नहीं भाया है। वायरल वीडियो में गोविंदा की मूंछों ने यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस लुक को देखकर ही एक यूजर ने लिखा, ये तो शत्रुघ्न सिन्हा लग रहे हैं। एक अन्य यूजर को गोविंदा का मूंछों वाला लुक पसंद नहीं आया, वह लिखता है, ये पतली मूंछें गोविंदा पर अच्छी नहीं लग रही हैं। एक अन्य यूजर्स ने गोविंदा का लुक देखकर कमेंट किया।

## टीवी मसाला




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के फाइनल सीजन का ऐलान

**नई दिल्ली।** अगर आप भी प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के प्रशंसक हैं, तो अब आपके लिए एक अच्छी खबर है। क्योंकि, आपके इस पसंदीदा शो का नया सीजन आने वाला है, जो कि सीरीज का फाइनल सीजन भी होगा। प्राइम वीडियो ने सीरीज के चौथे सीजन की घोषणा कर दी है। साथ ही इसका एक नया पोस्टर भी जारी किया है। जिसके साथ कैप्शन में लिखा गया है कि फाइनल सीजन के लिए शॉट्स मंगा लीजिए। इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं। क्योंकि, खुशी कोई लग्जरी नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका है। इस बार कुछ नए चेहरे भी नजर आएंगे और शो की फेमस गर्ल्स ट्रिप्स तो हैं ही। फाइनल सीजन की कास्ट की बात करें तो इसमें सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगरू जैसे मुख्य किरदारों के साथ लीजा रे, प्रतीक बब्बर, राजीव सिद्धार्थ, अंकुर राठी और मिलिंद सोमन सरीखे स्टार्स भी नजर आएंगे। अरुणिमा शर्मा और नेहा पार्टी माटियानी द्वारा निर्देशित इस सीजन को देविका भगत ने लिखा है। इसके डायलॉग्स ईशिता मोइत्रा के हैं। हालांकि, अभी चौथे सीजन की रिलीज डेट जारी नहीं की गई है।

## नहीं छोड़ रही हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जहां एक तरफ दर्शकों के चहेते शो होने की वजह से चर्चा में हमेशा रहता है, वहीं लंबे समय से इस सीरियल के कलाकारों के बिखरने को लेकर चर्चा में है। दिशा वकानी, झील मेहता, भाव्या गांधी, गुरुचरण सिंह सोढ़ी जैसे तमाम कलाकारों के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ने के बाद अगला नाम बबीता जी का आ रहा था। लोग कहने लगे थे कि अब बबीता जी के रोल में नजर आनेवालीं मुनमुन दत्ता ने भी इस शो को अलविदा कह दिया है। हालांकि, अब मुनमुन दत्ता ने इन खबरों पर खुद ही चुप्पी तोड़ते हुए वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अब खुद ही इन खबरों पर सफाई दे दी है और कन्फर्म किया है वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो इस शो के अगले एपिसोड की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अय्यर के घर की झलकियों के साथ ही मुनमुन के मेकअप रूम की भी झलक नजर आ रही हैं।



# रामायण की शूटिंग खत्म, इमोशनल राम ने लक्ष्मण को कसकर लगाया गले

*__मुंबई।__ बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक नितेश तिवारी की 'रामायण' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। निर्देशक ने सोमवार रात इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर एक पार्टी रखी जहां भगवान राम बने रणबीर कपूर और लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे रवि दुबे के अलावा कई कलाकार और क्रू के साथ निर्देशक नितेश तिवारी खुद मौजूद थे। इस फिल्म से अपने अंतिम सीन की शूटिंग के बाद भगवान राम बने रणबीर कपूर अपने लक्ष्मण यानी रवि दूबे से कसकर गले लगते दिखे। इसी पार्टी के बाद रणबीर अपनी फैमिली के साथ हॉलीडे पर रवाना हो चुके हैं। वहीं, बताया जा रहा है 3 जुलाई को 11 बजे 'रामायण' की पहली झलक पूरी दुनिया के सामने ऑफिशियली दिखाई जाएगी। अब इस इवेंट के कुछ विजुअल सोशल मीडिया पर नजर आए हैं। इन वीडियोज़ में जहां रणबीर 'रामायण' और भगवान राम को लेकर बातें करते दिख रहे हैं, वहीं 'लक्ष्मण' के साथ मिलकर केक काटते भी दिखे। इस मौके पर रणबीर के अलावा निर्देशक तिवारी ने भी कुछ इमोशनल बातें कहीं। इस फिल्म 'रामायण' के मेकर्स द्वारा इसकी झलक दिखाने की जोर-शोर से चर्चा है। हालांकि, सेट से कई तस्वीरें और वीडियो पहले सामने आ चुके हैं। लेकिन, फैन्स को अभी तक इस फिल्म से कोई ऑफिशियल पोस्ट या तस्वीरें नहीं मिली है और इसलिए इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है।*



# तलाक के चार साल बाद फिर प्यार में

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्मों से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले काफी वक्त से एक्ट्रेस का नाम 'द फैमिली मैन' फेम डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं और अक्सर दोनों की एकसाथ तस्वीरें भी सामने आती रहती हैं। जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप को लेकर और भी पुष्टि होती है। हालांकि, राज की एक शादी हो चुकी है। फिलहाल अब उनके फैंस को इंतजार है कि सामंथा कब अपने रिश्ते को ऑफिशियल करती हैं। नागा चैतन्य से तलाक के बाद अब सामंथा पूरी तरह से अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं। राज निदिमोरु के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें अब अक्सर ही बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनती रहती हैं। बीते दिनों सामंथा की तस्वीर भी काफी चर्चा में रही थी जिसमें वो राज के काफी करीब दिख रही थीं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद खबरें ये भी आई थीं कि सामंथा राज के साथ लिवइन में रहने वाली हैं। लेकिन बाद में सामंथा की टीम ने इन खबरों को खारिज किया था। लेकिन, अक्सर सामंथा और राज एकसाथ नजर आते हैं। जिससे दोनों के अफेयर के अफेयर की चर्चाएं अब लगभग पक्की हो चुकी हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस साल के अंत तक सामंथा अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर सकते हैं। दोनों जल्द ही अपने इस रिश्ते को एक नाम भी दे सकते हैं। राज निदिमोरु की बात करें तो वो 'द फैमिली मैन' और 'गुलाब एंड गन्स' वाले राज और डीके की जोड़ी वाले राज हैं। राज निदिमोरू एक शादी कर चुके हैं। उन्होंने 2015 में श्यामली डे से शादी की थी।



## कहानी से लेकर बदली तकनीक, लेकिन थिएटर के लिए करती हैं संघर्ष

# बाल फिल्मों के मामले में बच्चा ही रह गया बॉलीवुड

*__नई दिल्ली।__ हाल ही में बच्चों की एक फिल्म देखी, 'चिड़िया'। जीवन की विसंगतियों के बीच सच्ची, सरल और दिल को छूने वाली बालसुलभ कहानी एक लंबे अरसे के बाद देखने को मिली। दुनियाभर के कई प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में सराही गई 'चिड़िया' ने भारत में भी समीक्षकों और दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। मगर हमारे यहां बच्चों की फिल्में इतनी कम क्यों बनती हैं?*

### पुराने हालात

दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में भारत में बनती हैं। भारतीय सिनेमा 111 साल का बुजुर्ग हो चुका है, लेकिन बाल फिल्म बनाने के मामले में अब भी बच्चा ही है। समय के साथ सिनेमा में तकनीक, कहानियां, विषय - सब कुछ बदलता चला गया, लेकिन बाल फिल्मों के हालात नहीं बदले। वे पहले भी कम बनाई जाती थीं और आज भी कम बनाई जाती हैं।

### फिल्म ने छोड़ी गहरी छाप

कमाल की बात यह है कि गिनती की होने के बावजूद इन फिल्मों का असर बहुत गहरा है। तारे जमीन पर, सीक्रेट सुपर स्टार, स्टेनली का डब्बा, धनक, निल बटे सन्नाटा, जजंतरम ममंत्रम, चिल्लर पार्टी, छोटा चेतन, मिस्टर इंडिया जैसी फिल्मों ने बच्चों के साथ बड़ों को भी लुभाया है। पहले के दशकों में बूट पॉलिश, काबुलीवाला, ब्रह्मचारी, दो कलियां, मासूम जैसी फिल्मों ने बच्चों के मासूम मनोविज्ञान पर छाप छोड़ी।



### फिल्म में किया गया यादगार काम

बालीवुड में बच्चों की मौजूदगी अक्सर सबप्लॉट या गानों के बहाने होती है। पूरी फिल्म को बच्चों के नजरिए से कहना अब भी फिल्मकारों के लिए टेढ़ी खीर है। हिंदी फिल्म जगत में कुछ नाम जरूर रहे, जिन्होंने बाल मन को खंगाला। इनमें गुलजार ने परिचय और किताब जैसी फिल्मों में बच्चों की भावनाओं को सहजता से दर्शाया। विशाल भारद्वाज ने ब्लू अम्ब्रेला और मकड़ी में बच्चों की कल्पना और डर की दुनिया को छूने का साहस दिखाया। आमिर खान 'तारे जमीन पर' से डिस्लेक्सिया जैसे संवेदनशील विषय को केंद्र में लेकर आए। बंगाली सिनेमा की बात करें, तो सत्यजीत रे ने बाल फिल्मों की जो विरासत दी, वह आज भी मिसाल है।

**फिल्म में उदासीनता की वजह :** सवाल है कि दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग कहलाने वाला भारत बाल फिल्मों को लेकर इतना उदासीन क्यों है? वजह साफ है, हमारे देश में फिल्मकार बच्चों को सीरियस ऑडियंस नहीं मानते। उधर, अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को अगर कुछ दिखाना है, तो घर पर ही टीवी पर दिखाया जा सकता है।

### हॉलीवुड से सीखें

*देश में बच्चों की फिल्मों का मार्केट है, तभी हैरी पॉटर या होम अलोन जैसी हॉलीवुड फिल्में यहां आकर रेकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। हम बजट में उनका मुकाबला नहीं कर सकते, लेकिन 'स्टेनली का डिब्बा' सरीखी मासूम कहानी जरूर बना सकते हैं।*

### सितारों का साथ

*ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जब बच्चों की फिल्मों को बड़े सितारों का साथ मिला, तो दर्शकों ने खुलकर सराहा। भूतनाथ में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान, तारे जमीन पर में आमिर खान, मकड़ी में शबाना आजमी, मिस्टर इंडिया में अनिल कपूर-श्रीदेवी - इन सभी उदाहरणों ने यह साबित किया है कि स्टार पावर से बच्चों की फिल्में भी मुख्यधारा में जगह बना सकती हैं।*

**खबर संक्षेप**

### जिलाधीश ने जारी किए धारा-163 के आदेश

**झज्जर।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की आगामी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकल रहित आयोजित करवाने के लिए जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। आगामी चार जुलाई से 14 जुलाई के मध्य हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा सीनियर सेकेंडरी एकेडमिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। यह परीक्षाएं दोपहर दो बजे से सायं पांच बजे तक आयोजित होंगी। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की सीमा में आने वाली फोटोस्टेट की दुकानें परीक्षाओं के समय बंद रहेगी। आदेशों की उल्लंघना पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### दुकानदार का बैग लेकर फरार हुआ युवक

**रेवाड़ी।** आजाद चौक पर एक मोबाइल शॉप चलाने वाले दुकानदार का बैग एक युवक लेकर फरार हो गया। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में पवन कुमार ने बताया कि वह दुकान पर बैग लेकर आया था। बैग एक ओर रखने के बाद वह दुकान का शटर खोल रहा था। इसी दौरान एक युवक उसका बैग लेकर फरार हो गया। बैग में कुछ नकदी, लैपटॉप, रिपेयर किए हुए मोबाइल फोन व जरूरी कागजात थे। उसने युवक का पीछा करने का प्रयास किया, परंतु वह फरार होने में कामयाब हो गया।

### बैंक खाते से दो बार में उड़ा लिए एक लाख

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से 1 लाख रुपये उड़ा दिए गए। पुलिस शिकायत में तेजबीर ने बताया कि उसके बैंक खाते से गत 19 मई को 50-50 हजार रुपये की दो ट्रांजेक्शन के जरिए एक लाख रुपये उड़ा दिए गए। उसने अपने स्तर पर पूछताछ की गई, तो उसे पता चला कि यह राशि एक फर्म के खाते में ट्रांसफर की गई है, जिसका स्वामित्व राजस्थान के मनोता कलां निवासी रितिक के नाम है।

### पेट्रोल पंप की कोठरी से हजारों का सामान चोरी

**बावल।** पुलिस शिकायत में ओढ़ी निवासी गजेंद्र कुमार ने बताया कि उसने गांव के पास ही पेट्रोल पंप बनाया हुआ है, जो अभी तक चालू नहीं किया गया है। पंप के पीछे एक कोठरी बनी हुई है। जब वह सुबह के समय वहां पहुंचा तो कोठरी का ताला टूटा हुआ था। चोर कोठरी से छत का पंखा, बिजली की केबल, लोहे की प्लेट के ढक्कन व एक सबमर्सीबल मोटर चोरी कर ले गए। यह घटना 13 जून की रात को हुई थी।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। कई बार काउंसलिंग कराने के बाद भी बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 21 जून को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## लोगों को पौष्टिक आहार लेने व उचित रहन-सहन के बारे किया जागरूक

# स्वास्थ्य विभाग ने की एनीमिया एलिमिनेशन माह की शुरुआत, लोगों की हुई रक्त जांच

- रक्त जांच के बाद लोगों में एनीमिया का पता लगाकर किया जाएगा उपचार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर**



झज्जर। सीएचसी बादली में लोगों की रक्त जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जुलाई माह को एलिमिनेशन माह के रूप में मनाया जा रहा है। पहले दिन जिले के नागरिक अस्पताल सहित विभिन्न पीएचसी, सीएचसी पर एनीमिया का पता लगाने के लिए लोगों की रक्त जांच की गई। इसके अलावा स्वस्थ्य कर्मियों द्वारा इस दौरान लोगों को पौष्टिक आहार लेने व उचित खान-पान बारे भी जागरुक किया गया।

सीएचसी बादली की वरिष्ठ चिकित्सक प्रीति दुग्गल ने बताया कि माह भर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान रक्त जांच उपरांत एनीमिया से ग्रसित लोगों को आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां वितरित की जाएंगी। उसके उपरांत उचित समय पर फिर से टेस्ट करके यह भी पता किया जाएगा कि उनमें एनीमिया ठीक हुआ या नहीं।

बता दें कि कार्यक्रम के सुचारू कार्यान्वयन के लिए जिले के सभी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों व प्रभारियों को सीएमओ डॉक्टर जयमाला व एनीमिया मुक्त भारत की नोडल अधिकारी डॉक्टर पूनम बिश्नोई द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जानकारी भी दी गई थी। एनीमिया एक गंभीर समस्या है। जिसका समय रहते उपचार नहीं कराया गया तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। एनीमिया के रोगी को आयु अनुसार आयरन, फोलिक एसिड की खुराक दी जाती है। कार्यक्रम के अंतर्गत टेस्ट, ट्रीट, टॉक व ट्रैक रणनीति का उपयोग किया जाएगा।



बेरी। निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

## एसडीएम ने अंत्योदय सरल केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**बेरी।** मंगलवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने उपमंडल लघु सचिवालय में स्थित अंत्योदय सरल केंद्र सहित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने सचिवालय परिसर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी विभाग अपने कार्यालयों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें और कार्यालय में आने वाले नागरिकों को सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी जन सेवा की भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने अपने कार्यालयों में पुराने उपकरणों, फर्नीचर इत्यादि की जांच करवाकर उपयोग में ना आने वाले पुराने उपकरणों को कमेटी के माध्यम से कंडम करवाये ताकि उन्हें नीलाम किया जा सके। वहीं, जो उपकरण रिपेयर योग्य हैं उनको तुरंत दुरूस्त करवाकर उपयोग में लाएं।



बहादुरगढ़। डॉक्टरों का आभार व्यक्त करती स्वयंसेविकाएं। फोटो : हरिभूमि

## स्वयं सेविकाओं ने डॉक्टरों का जताया आभार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़**

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की स्वयंसेविकाओं ने 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' पर पुष्प गुच्छ देकर डॉक्टर्स का आभार जताया। कॉलेज प्राचार्या, स्टाफ सदस्यों व स्वयंसेविकाओं ने महाराजा अग्रसेन अस्पताल की डॉ. दीक्षा को स्मृति चिह्न व पुष्प गुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया।

प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि देश के महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचंद्र रॉय को सम्मान देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। सभी डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और उपचार के प्रति डॉक्टरों की अटूट प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार व्यक्त करना जरूरी है। इस खास दिन डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के योगदान का सम्मान करते हैं। साथ ही उनके निस्वार्थ भाव से लोगों को ठीक करने, उन्हें आराम देने और जीवन बचाने के लिए धन्यवाद करते हैं।

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर**

दी झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा बादली बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड परिसर में मंगलवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के विकास अधिकारी प्रियव्रत ने पौधारोपण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि यह भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। जब हम एक पौधा लगाते हैं तो वह आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवनदायिनी वायु, जल और छाया का स्रोत बनता है। सहकारी संस्थाएं इस दिशा में उल्लेखनीय भूमिका निभा रही हैं। मीडिया प्रभारी लोकेश शर्मा ने बताया कि एक से छह जुलाई तक जिले की सभी बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों एवं बैंक शाखाओं में सामूहिक पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना, हरित क्षेत्र में वृद्धि करना और समाज को प्रकृति के प्रति उत्तरदायी बनाना है। इस मौके पर शाखा प्रबंधक हरिप्रकाश, वजीर सिंह, ईश्वर सिंह, रामकुमार कटारिया, जगदीश कादियान, कृष्ण बाल्यान, कुलदीप, विजेंद्र सिंह, नरेश कुमार, पूर्ण सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण करते हुए विकास अधिकारी प्रियव्रत। फोटो : हरिभूमि

## जिले में तीन से सात जुलाई तक खेल महाकुंभ के लिए होंगी ट्रायल प्रतियोगिताएं आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर**

- जूडो का ट्रायल पांच जुलाई को सुबह नौ बजे इंजीनियरिंग स्टेडियम बहादुरगढ़ में होगा
- क्रिकेट की ट्रायल प्रतियोगिता नेहरू कॉलेज के मैदान में तीन जुलाई को सायं चार बजे होगी

आगामी 11 जुलाई से 13 जुलाई और 15 जुलाई से 17 जुलाई तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के अंतर्गत जिला स्तर पर विभिन्न खेलों की ट्रायल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिला खेल अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि ट्रायल तीन जुलाई से सात जुलाई तक जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स की ट्रायल प्रतियोगिता तीन जुलाई को सुबह नौ बजे राजीव गांधी खेल परिसर शेरिया में आयोजित की जाएगी। वहीं चार जुलाई को राजीव गांधी खेल परिसर खरखौदा में और एचएल सिटी बहादुरगढ़ में चार जुलाई को सुबह नौ बजे शुरू होगा।

वहीं कबड्डी का ट्रायल चार जुलाई को सुबह नौ बजे महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम झज्जर में होगा। जूडो का ट्रायल पांच जुलाई को सुबह नौ बजे इंजीनियरिंग स्टेडियम बहादुरगढ़ में आयोजित किया जाएगा। हैंडबॉल की ट्रायल प्रतियोगिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम बहादुरगढ़ में तीन जुलाई को सुबह नौ बजे शुरू होगी। वहीं बॉक्सिंग की ट्रायल भी इसी स्टेडियम में तीन जुलाई को सायं चार बजे से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि फुटबॉल की ट्रायल प्रतियोगिताएं डाबोदा कलां स्टेडियम में आयोजित होंगी। लड़कों की ट्रायल तीन जुलाई को दोपहर तीन बजे और लड़कियों की ट्रायल चार जुलाई को दोपहर तीन बजे से शुरू होगी।

वॉलीबॉल की ट्रायल प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीघल में तीन जुलाई को दोपहर तीन बजे लड़कियों के लिए और चार जुलाई को दोपहर तीन बजे लड़कों के लिए आयोजित की जाएगी। इसके अलावा ताइक्वांडो की ट्रायल तीन जुलाई को सायं पांच बजे राजीव गांधी खेल परिसर भापड़ौदा में आयोजित की जाएगी। वहीं क्रिकेट की ट्रायल प्रतियोगिता नेहरू कॉलेज के मैदान में तीन जुलाई को सायं चार बजे आयोजित की जाएगी।

शूटिंग का ट्रायल ओलंपियन शूटिंग अकादमी झज्जर में सात जुलाई को सुबह नौ बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुश्ती की ट्रायल प्रतियोगिता तीन जुलाई को जयभारत अखाड़ा में आयोजित होगी। टेबल टेनिस की ट्रायल प्रतियोगिता महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में तीन जुलाई को आयोजित की जाएगी। लड़कियों के लिए ट्रायल सुबह नौ बजे और लड़कों के लिए ट्रायल सुबह दस बजे से शुरू होंगे। वहीं बास्केटबॉल की ट्रायल प्रतियोगिता तीन जुलाई को सुबह दस बजे राजीव गांधी खेल परिसर झज्जर में आयोजित की जाएगी। लॉन टेनिस की ट्रायल चार जुलाई को दोपहर तीन बजे लड़कियों के लिए तथा दोपहर तीन बजे लड़कों के लिए भी आयोजित की जाएगी।

## प्रवासी महिलाओं को किया मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर**

वर्ल्ड डॉक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में इंडेप्थ विजन फाउंडेशन और सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा प्रवासी महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था सदस्यों ने शहर की बाहरी क्षेत्र में स्थित झुग्गी बस्तियों में रहने वाली प्रवासी महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इंडेप्थ विजन फाउंडेशन की प्रतिनिधि पूनम देशवाल एवं खुशी ने महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें सैनेटरी हाइजीन के आधुनिक तरीकों और इसके महत्व की जानकारी दी। मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसे सामाजिक वर्जनाओं के बजाय वैज्ञानिक सोच के साथ समझने और अपनाने की आवश्यकता है। इस मौके पर संस्था सदस्य मनोज कुमार, धर्मेंद्र, पिंकी रानी, मधु यादव, प्रीति सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। रहणिया रोड स्थित झुग्गी बस्ती में प्रवासी महिलाओं के साथ उपस्थित संस्था की सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## बार एसोसिएशन के पार्किंग एरिया में किया पौधरोपण



झज्जर। अधिवक्ताओं के साथ पौधरोपण करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

**झज्जर।** ग्लोबल ईको प्रोटेक्शन ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को बार एसोसिएशन के व्हीकल पार्किंग एरिया व न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया गया। ट्रस्ट के चेयरमैन श्याम फूल भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत करीब सत्तर पौधे रोपित किए गए। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया, डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल, बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक गोयल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। अतिथियों द्वारा पौधारोपण करते हुए ट्रस्ट सदस्यों की सराहना की।

## फाटक नहीं खोलने पर रेलवे के गेटमैन से मारपीट का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने फाटक नहीं खोलने पर रेलवे के एक गेटमैन के साथ मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जीआरपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। जीआरपी को दर्ज शिकायत में भिवानी के मानहेरू निवासी दलबीर ने बताया कि वह रेल विभाग में गेटमैन के पद पर कार्यरत है। उसकी ड्यूटी कांटेवाला रेलवे गेट पर थी। दोपहर के समय उसे फोन पर आदेश मिला कि भिवानी से दादरी की ओर जाने वाली ट्रेन निकलने वाली है, इसलिए गेट बंद किया जाए। उसने आदेश मिलते ही गेट बंद कर दिया। इसी दौरान गेट पर एक कार आकर रुकी। कार से चालक अपने साथ बैठे व्यक्ति को लेकर गुमटी में आया। उन्होंने उसे गेट खोलने को कहा। मना करने पर दोनों ने उसके साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। उसने स्टेशन मास्टर को सूचना देने के लिए सरकारी फोन उठाया, तो दोनों ने फोन हाथ से छीनकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। दोनों उसे कहा कि वह इस गेट से अक्सर गुजरते हैं। उनके आते ही गेट नहीं खोला, तो उसका अंजाम भुगतना पड़ेगा।

**चुनाव** | कॉलेजियम सदस्यों के 45 वार्डों के लिए 62 आवेदन प्राप्त हुए थे

# चालीस वार्डों में निर्विरोध चुने गए सैनी सभा के कॉलेजियम सदस्य, पांच वार्डों में होगा मुकाबला

- 29 जून को जांच के उपरांत सभी आवेदन सही पाए

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी**

सैनी सभा के कॉलेजियम सदस्यों की चुनावी प्रक्रिया में 45 वार्डों में से 40 वार्डों में एक-एक आवेदन शेष रहने पर सभी 40 कॉलेजिम सदस्य निर्विरोध चुन लिए गए हैं, जबकि पांच वार्डों में चुनाव कराए जाएंगे। सैनी सभा के चुनाव अधिकारी ने बताया कि 27 व 28 जून को कॉलेजियम सदस्यों के 45 वार्डों के लिए 62 आवेदन प्राप्त हुए थे। 29 जून को जांच के उपरांत सभी आवेदन सही पाए गए।

सोमवार को नाम वापसी पर 11 अवोदकों ने नामांकन वापस लिए, जिसके बाद सभी 40 सदस्य निर्विरोध कॉलेजियम सदस्य चुने गए, जबकि पांच वार्डों में एक से अधिक आवेदन होने के कारण चुनाव कराया जाएगा, जिसकी तिथि जल्द घोषित की जाएगी।



रेवाड़ी। सैनी सभा के निर्विरोध चुने गए कॉलेजियम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### निर्विरोध चुने गए सदस्य

निर्विरोध चुने गए कॉलेजियम सदस्यों में वार्ड संख्या एक से पंच अनिल सैनी, वार्ड दो से अजीत सैनी, वार्ड तीन से भगवानदास, वार्ड चार से दलीप सैनी, वार्ड पांच से सतीश सैनी, वार्ड छह से परमानंद सैनी, वार्ड सात से प्रताप सिंह सैनी, वार्ड आठ से भूपेंद्र, वार्ड नौ से धर्मेंद्र सैनी, वार्ड 10 से राजकुमार सैनी, वार्ड 11 से वेदप्रकाश सैनी, वार्ड 12 से रोशनलाल सैनी, वार्ड 13 से अशोक सैनी, वार्ड 14 से अजीत सिंह सैनी, वार्ड 15 से राम सिंह सैनी, वार्ड 17 से सर्वेश कुमार, वार्ड 18 से रविकांत सैनी, वार्ड 19 से भूपेश सैनी, वार्ड 20 से राजेश कुमार, वार्ड 21 से नविंद्र सैनी, वार्ड 22 से ओमप्रकाश सैनी, वार्ड 23 से सुभाष सैनी, वार्ड 24 से ललित सैनी, वार्ड 25 से चेतराम सैनी, वार्ड 26 से जगदीश सैनी, वार्ड 27 से हरिसिंह, वार्ड 28 से हरिराम सैनी, वार्ड 29 से ओमप्रकाश सैनी, वार्ड 30 से सुंदरलाल, वार्ड 31 से मनोज सैनी, वार्ड 32 से लक्ष्मण दास, वार्ड 33 से सतीश सैनी, वार्ड 34 से सौरभ सैनी, वार्ड 35 से शशिभूषण सैनी, वार्ड 36 से ओमप्रकाश, वार्ड 37 से मनीष सैनी, वार्ड 39 से उमेश सैनी, वार्ड 40 से मोहित सैनी, वार्ड 41 से लोकेश कुमार तथा वार्ड 42 से लक्ष्मीनारायण के नाम शामिल हैं।

इसके अलावा वार्ड संख्या वार्ड संख्या 16 में धर्मेंद्र कुमार व मनमोहन सैनी, वार्ड 38 में रविकांत सैनी व हरिशचंद, वार्ड 43 में कैलाश सैनी व सचिन, वार्ड 44 में कैलाश चंद्र सैनी, मोनू सैनी व रतनलाल तथा वार्ड संख्या 45 में गिरधारी लाल तथा मनोज कुमार के बीच चुनावी मुकाबला होगा।

## डेंगू से बचाव के लिए विशेष अभियान शुरू

झज्जर। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा सरकार ने डेंगू की रोकथाम के लिए जुलाई को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सरकारी अस्पताल के डाक्टरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि डेंगू एक वायरल बीमारी है जो एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर साफ व ठहरे हुए पानी में पनपता है और दिन में काटता है। इसको लेकर जागरूकता फैलाने के लिए विभाग ने हर रविवार को ड्राई डे मनाने का आह्वान किया है, ताकि पानी जमा न हो और मच्छरों का प्रजनन रोका जा सके।

# चिकित्सकों ने बातचीत में सेवाओं को लेकर दोहराई अपनी प्रतिबद्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भगवान रूपी चिकित्सक की सेवाओं को सम्मान देने के लिए भारत में एक जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस विशेष मौके पर शहर के प्रख्यात चिकित्सकों ने हरिभूमि प्रतिनिधि रवींद्र राठी से विशेष बातचीत में चिकित्सा सेवाओं को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दरअसल, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय का जन्म पटना में एक जुलाई 1882 को हुआ और एक जुलाई 1962 को निधन हो गया था। उन्हें सम्मानित करने के लिए आज के दिन को चिकित्सक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्हें 4 फरवरी 1961 को भारत रत्न से नवाजा गया था।

### डॉ. बीसी राय की जीवनी से सीख लें चिकित्सक: ज्योजि



*जेजे हॉस्पिटल की निदेशिका डॉ. ज्योति मलिक ने कहा कि डॉ. बीसी राय की जीवनी से सीख लेते हुए डॉक्टरों को सेवा धर्म को अपने व्यवहार में उतारना चाहिए। उनका चिकित्सा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान रहा है। समाज के लोगों को चिकित्सकों से काफी उम्मीदें होती है। चिकित्सक व मरीज के बीच संबंध मधुर होने चाहिए।*

### बीमारी में डॉक्टर एकमात्र सहारा : डॉ. राजरानी



*दिल्ली हॉस्पिटल की निदेशिका डॉ. राजरानी बंसल के अनुसार लोगों को जब भी स्वास्थ संबंधी कोई परेशानी होती है, तो उसका एकमात्र सहारा डॉक्टर ही होते हैं। जनसेवा में लगे रहने वाले डॉक्टर दिन-रात दौड़ते-भागते रहते हैं। आईएमए द्वारा भी डॉक्टरों को सलाह दी जाती है कि वे मरीजों के प्रति जवाबदेही को समझें।*

### मरीजों के हित में करें कार्य : डा. मनीष



*ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल के निदेशक डॉ. मनीष शर्मा के अनुसार डॉक्टरों को ईमानदारी पूर्वक कार्य करते हुए सदैव मरीजों के हित का ध्यान रखना चाहिए। संसाधन एवं पैसों के अभाव में किसी भी मरीज का इलाज रुकना नहीं चाहिए। डॉक्टर व मरीज का संबंध पूर्व की भांति बनाए रखने पर ध्यान देने की जरूरत है।*

### डॉक्टरों को सेहत का ब्रांड एंबेसेडर बनना चाहिए : संजय



*डॉक्टर संजय सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. संजय सिंह ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े चिकित्सकों में गिने गए डॉ. बीसी राय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला यह दिन काफी महत्वपूर्ण है। उनके जैसे महान व्यक्तित्व से सभी चिकित्सकों को प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉक्टरों को समाज के लिए सेहत का ब्रांड एंबेसेडर बनना चाहिए।*

### मानव सेवा करने का लेना चाहिए संकल्प



*डीडीके अस्पताल के निदेशक डॉ. सुखपाल धारीवाल ने कहा कि भारत रत्न डॉ. बीसी राय की सेवा भावना से सीख लेते हुए आज के चिकित्सकों को भी मानव सेवा करने का संकल्प लेना चाहिए। मरीज एवं उसके परिजनों को चिकित्सकों पर विश्वास रखते हुए सहयोगात्मक रवैया अपनाना चाहिए।*

### उचित परामर्श और इलाज करना डॉक्टर का फर्ज



*दंत रोग चिकित्सक डॉ. सुशील राणा ने कहा कि भगवान के बाद धरती पर डॉक्टरों को यह दर्जा दिया गया है। चिकित्सकों को भी सेवाभाव बरकरार रखते हुए मरीजों के प्रति संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। मरीज विश्वास के साथ डॉक्टरों के पास आते हैं। चिकित्सकों का फर्ज है कि मरीजों को सही समय पर उचित परामर्श व इलाज मुहैया कराए।*

## शहर की सड़कों पर दौड़ती नजर आईं निजी स्कूलों की बसें

# ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले स्कूल, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

### अलसुबह हुई बरसात के कारण जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या कम रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर







झज्जर। स्कूल बस में चढ़ते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षक और अपने बच्चों को स्कूटी पर बैठाकर स्कूल छोड़ने जाते हुआ अभिभावक।

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद जिले में फिर से स्कूल खुल गए हैं। मंगलवार अलसुबह हुई बरसात के कारण जिले के विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या कम रही। अभिभावकों ने सुबह जल्दी उठकर अपने बच्चों को स्कूल के लिए तैयार किया। विद्यार्थी तैयार होकर स्कूल पहुंचे। इस दौरान कुछ अभिभावक अपने छोटे बच्चों को दुपहिया वाहनों पर बैठाकर स्कूल छोड़ने पहुंचे। बच्चों के स्कूल जाने को लेकर उत्साह दिखा। स्कूलों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन कर विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने का संदेश दिया गया। पहले दिन विद्यार्थी संख्या कम होने के चलते अधिकांश राजकीय स्कूलों में कक्षाएं सुचारू रूप से नहीं लग पाईं। हालांकि निजी स्कूलों में नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन हुआ। राजकीय प्राथमिक पाठशाला सुर्खपुर के शिक्षक विजेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को आई बरसात के कारण पहले दिन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या करीब पचास फीसदी रही। प्रार्थना सभा में शिक्षकों ने विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इसके बाद प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को निपुण कार्यक्रम की जानकारी दी गई। स्कूल खुलने पर शहर की सड़कों पर निजी स्कूलों की बसें दौड़ती नजर आईं। विभिन्न चौक-चौराहों पर विद्यार्थी स्कूल बस आने का इंतजार करते दिखाई दिए।

### ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूलों में फिर से लौटी रौनक

**बहादुरगढ़।** एक माह तक मस्ती की पाठशाला कर मंगलवार को स्कूल लौटे विद्यार्थियों के कारण क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में नजारा अलग ही दिखाई दिया। कमर पर बस्ते लदे विद्यार्थियों के स्कूल पहुंचने पर अलग सी रौनक दिखाई दी। शहर की सड़कों पर डेढ़ माह बाद स्कूली बसें व रिक्शा विद्यार्थियों के साथ नजर आईं। मंगलवार को एक बार फिर क्षेत्र के स्कूलों में रौनक लौट आई। वहीं करीब एक माह बाद शहर की सड़कों पर विद्यार्थियों व स्कूली वाहनों की चहल-पहल देखी गई। निजी स्कूल में पढ़ने वाले नर्सरी कक्षा के छात्र विजय व छात्रा नीशा के अभिभावकों को अपने दोनों बच्चों को स्कूल भेजने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। कुछ बच्चे हंसते हुए स्कूल जाते देखे गए, तो कुछ रोते हुए। वहीं अध्यापकों द्वारा छुट्टियों के लिए दिया गया होम वर्क पूरा न करने वाले विद्यार्थी टैंशन में नजर आ रहे थे। हालांकि पहले दिन क्षेत्र के सभी स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति कम देखी गई। मगर स्कूल प्रबधंकों का कहना है कि अगले एक-दो दिन में छात्रों की नियमित उपस्थिति पूरी हो जाएगी और इसके बाद पढ़ाई सुचारु रूप से चलेगी। वहीं माध्यमिक व उच्च स्तर की कक्षाओं के विद्यार्थी स्कूल जाने से पहले छुट्टियों के दौरान की गई मौज-मस्ती व सैर सपाटों के बारे में बात करते नजर आए। वहीं शहर की सड़कों पर कई दिनों के बाद विभिन्न स्कूलों के वाहन नजर आए।

# तुर्की में अमन, दीपक व उदित ने जीते मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



अमन सहरावत।



उदित पहलवान



दीपक पूनिया।

- अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में झज्जर के तीन पहलवानों ने देश का परचम लहराया

तुर्की में हुई अंतरराष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में झज्जर जिले के तीन पहलवानों ने देश का परचम लहरा दिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक मेडलिस्ट अमन पहलवान, अर्जुन अवॉर्डी दीपक पूनिया और प्रतिभाशाली उदित गुलिया पहलवान ने अपने-अपने भारवर्ग में मेडल जीते हैं। इनकी जीत पर कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। दरअसल, पिछले सप्ताह तुर्की में वहां के नामी पहलवान यासर डोगू, वेहबी एम्रे और हामित कपलान की स्मृति में यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता हुई थी। दुनियाभर के पहलवानों ने इसमें जोर आजमाइश की। झज्जर जिले से भी कई पहलवानों ने दमखम दिखाया। बिरोहड़ के अमन सहरावत ने 57 केजी फ्री स्टाइल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीत लिया। अमन इससे पहले ओलंपिक सहित कई बड़ी प्रतियोगिताओं में देश के लिए मेडल जीत चुका है। गांव छारा के निवासी अर्जुन अवॉर्डी दीपक पूनिया ने 92 केजी फ्री स्टाइल में दमखम दिखाया और ब्रांज मेडल पर कब्जा जमाया। ओलंपियन दीपक कॉमनवेल्थ गेम्स, वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशिया चैंपयिनशिप सहित कई बड़े मेडल देश को जीता चुका है। इनके अलावा सुरहा गांव के उदित गुलिया ने 61 केजी फ्री स्टाइल में सिलवर मेडल हासिल किया। उदित बेहद ही प्रतिभाशाली पहलवान है। बीते कुछ दिनों में रैंकिंग सीरीज, एशियन चैंपियनशिप में इसने मेडल जीते हैं। तीनों पहलवानों की जीत ने देश के लिए मेडल जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। इनकी जीत पर कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है।

# एनसीसी कैडेट अंजली आईजीसी थल सेना कैंप में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



एनसीसी कैडेट अंजली।

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में आईजीसी थल सेना कैंप के लिए एक एनसीसी कैडेट्स का चयन किया गया। संस्कारम स्कूल की एनसीसी कैडेट अंजली के चयन के दौरान फायरिंग की बारीकियों पर आधारित परीक्षा ली गई। स्कूल के एनओ मनीष योगी ने बताया कि अब अंजली रेवाड़ी बटालियन मुख्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए 11 जुलाई से 20 जुलाई तक रूपनगर में ग्रुप हेडक्वाटर की तरफ लगने वाले आईजीसी थल सैनिक कैंप में भाग लेगी। आईजीसी थल सैनिक कैंप का उद्देश्य सेना प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताओं से अवगत कराना, प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना और केडैट्स के बीच अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना है। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने अंजली के चयन पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नन्हे पर्यावरण प्रेमियों ने समाज को दिया सकारात्मक संदेश

**बहादुरगढ़।** क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने पर जोर दे रही क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट से जुड़े दो नन्हे पर्यावरण प्रेमियों ने समाज को सकारात्मक संदेश दिया है। दो बालकों ने पर्यावरण/हरियाली संरक्षण का 90 दिन का चैलेंज पूरा किया है।

बहादुरगढ़ के रहने वाले करीब 11 वर्षीय विवान और 6 वर्षीय विराज ने गत एक अप्रैल को अपनी यह मुहिम शुरू की थी। इस दौरान लगातार 90 दिन तक पौधों की नियमित देखरेख की, उन्हें पानी दिया और संवारा। विवान और विराज दोनों सगे भाई हैं और इन्हें यह प्रेरणा अपने अभिभावकों व ट्रस्ट के सदस्यों से मिली है। इनके प्रयासों की लोग भी प्रशंसा कर रहे हैं। विवान और विराज ने कहा कि पेड़, पौधे हमें बहुत कुछ देते हैं।

## मुक्केबाजी प्रतियोगिता में प्राची ने जीता गोल्ड



प्राची धनखड़।

**झज्जर।** तेलंगाना में 27 जून से 1 जुलाई तक आयोजित राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जिले की खिलाड़ी प्राची धनखड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश की बारह सर्वश्रेष्ठ टीमों के अलावा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और टारगे ओलंपिक पोडियम स्कीम की टीम ने भी भाग लिया। प्राची धनखड़ ने 60 किलोग्राम भारवर्ग में खेलते हुए बेहतरीन तकनीक, फिटनेस और आत्मविश्वास के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने बताया कि प्राची ने भारतीय रेलवे की ओर से हिस्सा लिया और हर राउंड में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए फाइनल में बाजी मारी। उन्होंने उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशा जताई कि वह भविष्य में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी तिरंगा लहराएगी।



बहादुरगढ़। कुणाल से फोन प्राप्त करता नीरज वत्स।

## फोन लौटाकर दी ईमानदारी की मिसाल

**बहादुरगढ़।** सोमवार को बजरंग दल के पूर्व संयोजक नीरज वत्स का फोन शहर के झज्जर रोड पर गिर गया था। यह फोन बुपनिया गांव के कुणाल को मिल गया। इसे लेकर वह बीएसएम स्कूल में बॉक्सिंग सीखने चला गया। यहां से फ्री होकर वह घर चला गया। नीरज ने फोन किया तो उसने अपना पता दे दिया। नीरज मिठाई लेकर उसके घर पहुंचा और फोन लेकर खुशी से फूला नहीं समाया। नीरज ने बताया कि उसके फोन में अकाउंट डिटेल से लेकर कई महत्वपूर्ण चीजे थी। कुणाल की ईमानदारी देख नीरज ने उसकी खूब पीठ थपथपाई।

# कृष्णा राणा प्रथम व भोज राज रहे तृतीय

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्वर्ण जयंती समारोह का किया आयोजन
- इस दौरान हुई अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के प्रतिभागियों ने किया उल्लेखनीय प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में मिले सम्मान के साथ कृष्णा राणा व भोज राज।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित राजभाषा स्वर्ण जयंती समारोह के तहत हुई अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के प्रतिभागियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। बता दें कि इस समारोह में पूरे देश से राजभाषा नीति, हिंदी टंकण, आशुलिपि, सामान्य ज्ञान, शब्दावली, निबंध लेखन एवं वाक प्रतियोगिएं आयोजित की गई थीं। इनमें विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों एवं संगठनों के हजारों प्रतिभागियों ने भाग लिया। वॉक प्रतियोगिता में बीआरजी से जुड़ी कृष्णा राणा प्रथम स्थान पर रही। जबकि भोज राज तृतीय स्थान पर रहे। इन दोनों प्रतिभागियों को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित राजभाषा स्वर्ण जयंती समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शॉल, स्मृति चिह्न और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्रुप संयोजक दीपक छिल्लर ने बताया कि यह उपलब्धि बीआरजी परिवार के लिए गर्व का विषय है।



झज्जर। अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ पौधारोपण करते हुए एमएस डॉक्टर नरेश

## सेवारत चिकित्सकों के नाम किया पौधरोपण

**झज्जर।** स्थानीय नागरिक अस्पताल में वर्ल्ड डॉक्टर-डे के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर नरेश दहिया ने स्वास्थ्यकर्मियों के साथ अस्पताल परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान अस्पताल में कार्यरत सभी डॉक्टरों के नाम एक पौधा रोपित किया गया। इस दौरान चीफ फार्मेसी अधिकारी बलविंद्र, डॉक्टर मोनिका, डॉक्टर दीपिका सांगवान, डॉक्टर नुपुर, कविता गुलिया, सुदेश राठी, संतोष बल्हारा, अंजू, कृष्णा, सपना, पल्लवी, फार्मेसी अधिकारी जितेंद्र डीआईसी मैनेजर अंजु, कुलदीप, ललित सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## निर्देश — पुलिस कमिश्नर ने ली थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक

# प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन करवाना जरूरी, पूरी मेहनत-लगन से ड्यूटी करें कर्मचारी

### डॉ. राजश्री सिंह ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने बहादुरगढ़ के लघुसचिवालय परिसर में अधिकारियों, थाने-चौकी प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा प्रवासियों की वेरिफिकेशन पर जोर दिया गया। पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने कहा कि बहादुरगढ़ शहर दिल्ली से लगता हुआ है। इंडस्ट्रियल एरिया होने के कारण विभिन्न राज्य के लोग यहां आकर काम करते हैं। कंपनी मालिकों को और अन्य लोगों को नौकरी पर रखते या फिर अपना मकान दुकान किराए पर देते वक्त किरायेदार की वेरिफिकेशन जरूर करानी चाहिए।



बहादुरगढ़। थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक लेती पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह।

### इंडस्ट्रीज एरिया के कारण पुलिस की जिम्मदारी बढ़ी

कई बार व्यक्ति अपराध करके यहां आकर छिप सकता है या फिर यहां कोई अपराध करके चला जाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन करवाना बहुत जरूरी है। एनसीआर से लगता हुआ और इंडस्ट्रीज एरिया होने के कारण से यहां पुलिस की जिम्मेदारिया और ज्यादा बढ़ गई हैं। इसलिए प्रत्येक पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी मेहनत-लगन से अपनी ड्यूटी निभाने के आदेश दिए ताकि जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहनता से जांच करनी है। अपराधिक गतिविधियों में लिप्त या अपराधियों से संबंध रखने वाले नवयुवकों पर विशेष निगाह रखें। बैठक में डीसीपी मयंक मिश्रा, एसीपी शमशेर सिंह, एसीपी प्रदीप नैन, एसीपी प्रणय कुमार और सभी थानों के प्रबंधक, चौकी प्रभारी, सीआईए प्रभारी आदि मौजूद रहे।